म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र.शासन)

35, राजीव गांधी भवन, द्वितीय खण्ड, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

दूरभाषः 0755-2660235, 2660203, Email – socjap@mp.gov.in

क्र. 1503/ज.अ.प./2024 भोपाल, दिनांक 9/08/2024

प्रति,

संभाग समन्वयक (समस्त)
जिला समन्वयक (समस्त)
विकासखण्ड समन्वयक (समस्त)

विषय- मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु सत्रारंभ पर्व के आयोजन के संबंध में।

म.प्र. जन अभियान परिषद एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाजकार्य स्नातक एवं परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) पाठ्यक्रम की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की संपर्क कक्षाओं के प्रारंभ होने के पूर्व नवीन-प्रवेशित एवं पूर्व से अध्ययनरत छात्रों के उन्मुखीकरण सत्रों का शुभारंभ समस्त 313 विकासखण्ड मुख्यालयों पर रविवार दिनांक 11 अगस्त 2024 को प्रात: 11:00 बजे से किया जाना है। सत्र आरंभ पर्व की इस शैक्षणिक सत्र की थीम **एक पेड माँ के नाम** अभियान पर केन्द्रित होगी। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों से युवा पीढी को दूर रखने के लिए चेतना और आत्मविश्वास जागृति के लिए नशामुक्ति शपथ भी दिलायी जायेगी।

सत्र आरंभ पर्व पर के आयोजन के निम्नवत आयाम होंगे -

1. **आयोजन का समय एवं स्थल-** पूर्व से निर्धारित संपर्क कक्षाओं के स्थल या अन्य उपयुक्त स्थान पर आयोजन करें। समय प्रात: 11:00 से दोपहर 2:00 बजे तक रखा जाये।
2. **सहभागिता-** कार्यक्रम का समन्वयन विकासखण्ड समन्वयक करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारीगण, प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकगण, सभी मेन्टर्स, ऑननेरी मेन्टर्स को आमंत्रित किया जाये। समस्त नवीन प्रवेशित छात्रों को व्यक्तिगत संपर्क कर आमंत्रित किया जाये। साथ ही द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों को भी आमंत्रित किया जाये। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु स्थानीय पत्रकारों को भी आमंत्रित किया जाये।
3. **कार्यक्रम का स्वरूप-** कार्यक्रम का स्वरूप मंचीय सम्मेलन के रूप में हो। उपलब्धता अनुसार अतिथियों को मंच पर स्थान दिया जाये। कार्यक्रम के दौरान निम्नानुसार गतिविधियां संपादित की जाये –
   - स्वागत एवं परिचय एवं मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन।
   - पाठ्यक्रम परिचय, विशेषताएं एवं महत्व
   - पाठ्यक्रम संचालन के विविध आयाम – मुख्य, गौण, वैकल्पिक व्यावसायिक विषय, स्वनिर्देशित अध्ययन सामग्री, संपर्क कक्षाओं में नियमित उपस्थिति, परामर्शदाता प्रणाली, विद्यार्थी एप्प, सामाजिक प्रयोगशाला के रूप में गांव का चयन, प्रदत्त कार्य, प्रोजेक्ट कार्य, इंटर्नशिप, प्रायोगिक एवं वार्षिक परीक्षायें एवं अन्य सुसंगत आयाम।
   - अध्ययन सामग्री का वितरण
   - नशामुक्ति शपथ एवं डिजिटल प्रमाण पत्र

म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र.शासन)
35, राजीव गांधी भवन, द्वितीय खण्ड, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाषः 0755-2660235, 2660203, Email – socjap@mp.gov.in

- पूर्व वर्ष के चयनित छात्रों के अनुभव कथन
- प्रेरक उद्बोधन
- एक पेड मॉं के नाम अभियान अंतर्गत महाविद्यालय/विद्यालय प्रांगण अथवा किसी अन्य सार्वजनिक स्थल पर पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन।

4. **प्रतिवेदन एवं प्रचार- प्रसार** – प्रत्येक विकासखण्ड में सहभागी लोगों की जानकारी व संख्या तथा की गई गतिविधियों की जानकारी को सम्मिलित करते हुए वृत्त चार से पांच हाई डेफिनेशन फोटो सहित परिषद् की MPJAP APP में अभियान के अंतर्गत सत्र आरंभ संबंधी लिंक में अपलोड करें साथ ही स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया जाये।

5. **नवाचार** – कार्यक्रम के दौरान स्वैच्छिकता एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से अन्य गतिविधियां जैसे कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, रक्तदान शिविर तथा शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार की सामग्री का वितरण आदि भी आयोजित की जा सकेगी।

तद्नुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यपालक निदेशक महो. द्वारा अनुमोदित)

9.8.24
(निदेशक सेल)
म.प्र. जन अभियान परिषद्

पृ.क्र. 1504/ज.अ.प./2024 भोपाल दिनांक 09/08/2024

प्रतिलिपि –

1. कुलपति, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निज सहायक, कार्यपालक निदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद् की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. गार्ड नस्ती।

9.8.24
(निदेशक सेल)
म.प्र. जन अभियान परिषद्